तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 17 जून 2026
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

17 खनिज माफियाओं के आगे बेबस प्रशासन



18 पानी की बर्बादी पर बढ़ी चिंता, सख्त कार्रवाई की मांग



## खबर संक्षेप

### रांकाडीह में 23 को बड़ा मंगल उत्सव



**मगरलोड।** ग्राम रांकाडीह के सौरम प्रांगण में 23 जून को श्रीराम भक्त हनुमान का बड़ा मंगल उत्सव भक्तिमय माहौल में मनाया जाएगा। इस अवसर पर संगीतमय मानसगान प्रतियोगिता होगी। यह जानकारी टिकेश्वर पटेल ने दी है।

### राधाकृष्ण भवन में 19 को योग कार्यक्रम



**धमतरी।** क्रीड़ा भारती द्वारा 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 19 जून को योग कार्यक्रम का आयोजन सुबह 6 बजे राधाकृष्ण भवन महालक्ष्मी ग्रीन्स गुप्ता हॉस्पिटल के पीछे धमतरी में किया जायेगा। क्रीड़ा भारती धमतरी के संरक्षक पं. राजेश शर्मा ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाती है। क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष लक्ष्मणलाल साहू ने लोगों से कार्यक्रम में शामिल होकर योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की है।

### प्रदेशस्तरीय नाचा गम्मत कार्यशाला आज से

**सिर्री।** नाचा-गम्मत को नई पीढ़ी से जोड़ने तथा उसके संरक्षण-संवर्धन के उद्देश्य से संस्कृति विभाग छग शासन के सहयोग से 17 से 21 जून तक निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यशाला जोगी बाबा सिद्धाश्रम परिसर ग्राम कठौली में आयोजत की गई है। प्रशांत सोनवानी अध्यक्ष अनुराग साहित्य एवं कला संस्था ने बताया कि कार्यशाला का शुभारंभ प्रातः 10 बजे होगा। कार्यशाला में प्रतिभागियों को नाचा-गम्मत की पारंपरिक अभिनय शैली, संवाद-अभिव्यक्ति, गम्मत, हास्य-व्यंग्य, लोकगीत, लोक संगीत, लोकनृत्य, मंच संचालन, वेशभूषा, श्रृंगार, चरित्र निर्माण, मंचीय अनुशासन तथा प्रभावी प्रस्तुतिकरण की विविध बारीकियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रतिभागियों को लोकनाट्य की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, सांस्कृतिक महत्ता, सामाजिक भूमिका तथा वर्तमान संदर्भों में उसके संरक्षण की आवश्यकता से भी परिचित कराया जाएगा। अजय उपरे, कामता, परमेश्वर वर्मा फगु तारक, कस्तूरचंद साहू, बलेंद्र साहू, पुकेश मानिकपुरी, टेकराम नेताम, अर्जुन मानिकपुरी, रेखराम साहू प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करेंगे। 21 जून को कार्यशाला का समापन संध्या 6 बजे छग के वरिष्ठ कला साधकों की उपस्थिति में होगा। इस दौरान नाचा गम्मत की प्रस्तुति बाजार चौक में होगी।

# महीनेभर में 800 मामलों में डायल 112 का त्वरित रिस्पांस, जरूरतमंदों को मिली फौरन मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

डायल 112 सेवा ने लॉंचिंग के महीनेभर के भीतर 800 प्रकरणों में त्वरित रिस्पांस कर तत्काल सहायता उपलब्ध कराई। संवेदनशीलता व त्वरित पुलिसिंग का उदाहरण प्रस्तुत किया। पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार के निर्देशन में संचालित डायल 112 ईआरवी सेवा जिलेभर में आम नागरिकों को त्वरित सहायता प्रदान करते हुए जनविश्वास का मजबूत माध्यम बन रही है। 12 से 14 जून 2026 के दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में प्राप्त आपातकालीन सूचनाओं पर डायल 112 की टीमों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत एवं सहायता प्रदान की है। सिहावा के भारत पेट्रोल पंप के पास बाइक से गिरकर घायल की सहायता, कुरूद क्षेत्र के जमीन विवाद, मारपीट संबंधी सूचना पर तत्काल रिसपांस, भखारा क्षेत्र में जमीन विवाद पर शांतिपूर्ण समाधान, मगरलोड थाना क्षेत्र में मोबाइल फोन से धमकी, वाद विवाद संबंधी सूचनाओं पर ईआरवी टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर समझाइश एवं कानूनी सलाह दी। इसी तरह घायलों एवं जरुरतमंदों की त्वरित सहायता उपलब्ध कराते हुए अस्पताल पहुंचाने में तत्परता दिखाई। कुरूद क्षेत्र में जहर सेवन किए व्यक्ति को एम्बुलेंस के माध्यम से तत्काल अस्पताल भेजा गया। वहीं पारिवारिक एवं सामाजिक विवादों में भी पुलिस की संवेदनशील पहल रही है।

## धमतरी में 24 घंटे सक्रिय डायल 112 ने आपात स्थितियों में पहुंचाई राहत



### चौबीस घंटे दे रही सहायता

धमतरी पुलिस की डायल 112 सेवा दिन रात आम नागरिकों की सुरक्षा एवं सहायता के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है। जिले भर में प्रतिदिन प्राप्त होने वाली सड़क दुर्घटना, चिकित्सा अपातकाल, प्रसव सहायता, जहर सेवन, पारिवारिक विवाद, संदिग्ध वाहन, कानून व्यवस्था एवं अन्य आपातकालीन सूचनाओं पर ईआरवी की टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत एवं सहायता उपलब्ध करा रही है।



## आमापारा क्षेत्र में सुबह से डटी रही ईडी की टीम

# धमतरी में ईडी की दबिश से बढ़ी हलचल, ठेकेदार के घर घंटों चली जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर के आमापारा क्षेत्र में मंगलवार की सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई से अचानक हलचल बढ़ गई। ईडी अधिकारियों की टीम स्थानीय ठेकेदार श्री गांधी के निवास पहुंची और जांच शुरू कर दी। सुबह करीब 8 बजे शुरू हुई कार्रवाई देर शाम तक जारी रही। कार्रवाई की खबर फैलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जुटने लगी और पूरे इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं।

जानकारी के अनुसार ईडी की टीम तीन वाहनों से पहुंची थी। टीम में पांच से अधिक अधिकारी शामिल बताए जा रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सीआरपीएफ के जवानों को भी तैनात किया गया था।



घर के बाहर सुरक्षा घेरा बनाकर रखा गया, जबकि अंदर अधिकारी दस्तावेजों की जांच और पूछताछ में जुटे रहे। सूत्रों के मुताबिक संबंधित ठेकेदार सोमवार से घर पर मौजूद नहीं है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

कार्रवाई की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग घर के आसपास जमा हो गए। पूरे दिन शहर में इस मामले को लेकर चर्चा का माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों में यह जानने की उत्सुकता रही कि जांच का विषय क्या है और आगे क्या खुलासा हो सकता है। समाचार लिखे जाने तक ईडी की टीम जांच में जुटी हुई थी और प्रशासनिक स्तर पर भी मामले पर नजर रखी जा रही थी।

### कार्रवाई को लेकर दिनभर चलता रहा चर्चाओं का दौर

ईडी की दबिश के दौरान अधिकारियों द्वारा घर में रखे दस्तावेजों और अन्य रिकॉर्ड की जांच की गई। हालांकि यह कार्रवाई किस मामले को लेकर की जा रही है, इसे लेकर अब तक कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। अधिकारियों की ओर से भी कोई बयान जारी नहीं किया गया, जिससे लोगों के बीच उत्सुकता और चर्चाएं लगातार बनी रहीं।

# स्कूल के पहले दिन मचाई खूब धमाचौकड़ी





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पहले दिन स्कूलों में बच्चों ने खूब धमाचौकड़ी मचाई। करीब दो माह बाद स्कूल खुले और छात्र फिर से अपने पुराने दोस्तों से मिले। कहीं पर खेलकूद तो कहीं पर मौज मस्ती का माहौल रहा। पहले दिन पढ़ाई नहीं के बराबर हुई।

मंगलवार से नए शिक्षण सत्र की शुरूआत हो चुकी है। स्कूलों में सुबह 7.30 बजे राज्य गीत और राष्ट्रगान हुए। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने स्कूल आने पर छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया। तिलक लगाकर शुभकामनाएं दी, चॉकलेट बांटकर उनका मुंह मीठा कराया। स्कूलों में साफ-सफाई, कक्षा में बैठक व्यवस्था, पेयजल सुविधा, शौचालयों की व्यवस्था और अन्य आवश्यक व्यवस्था पहले ही दुरस्त कर ली गई थी, ताकि बच्चों को बेहतर और सुरक्षित वातावरण मिल सके। इस बार खास यह रहा कि स्कूल खुलने के पहले ही दिन छात्रों को गणवेश का वितरण किया गया। कई जगहों पर सरस्वती साइकिल और पुस्तकें भी बांटी गई। पहला दिन होने के कारण शिक्षकों ने भी पढ़ाई पर जोर नहीं दिया। छात्रों को मनोरंजक एक्टिविटी कराई गई।

### स्कूल में आराम



भयावह गर्मी के चलते भानपुरी प्राइमरी स्कूल में एक छात्रा स्कूल में ही लेटकर आराम करने लगी। अन्य बच्चे भी खेलकूद में व्यस्त रहे। मंगलवार का मौसम उमस और गर्मी से भरा रहा, जिसके कारण छात्र परेशान होते रहे। स्कूल की छुट्टी के समय तरसींवा में बारिश हुई। कुछ छात्र- छात्राएं बारिश में फंस गए थे।

# किसान संघर्ष समिति ने गिनाईं समस्याएं

- समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिए कलेक्टर को सौंपा 15 सूत्रीय ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

किसान संघर्ष संघ दक्षिण मगरलोड वनांचल सिंगपुर क्षेत्र ने 15 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा है। मंगलवार को संघ के अध्यक्ष रामायण सिन्हा के नेतृत्व में किसानों ने अपर कलेक्टर से मुलाकात कर कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा है कि दक्षिण मगरलोड वनांचल सिंगपुर क्षेत्र के 50 गांव का संगठन है जो अपनी समस्याओं के समाधान के लिए लगातार संघर्षरत हैं।

संघ ने 15 सूत्रीय मांगों में कहा है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ सिंगपुर कृषि समिति एवं मूलगांव कृषि समिति अंतर्गत आने वाले सभी गांव को दिया जाये। यूरिया तथा डीएपी खाद को कृषि दवाई दुकानों से सहकारी मूल्य के अनुसार प्रदान किया जाये। प्राथमिक कृषि समितियों द्वारा ऋण की लिमिट पूर्वानुसार 60-70 के अनुसार की जाए। डीएपी खाद प्रति एकड़ दो बोरी देने, जिन किसानों के पास राजस्व एवं वन पट्टा है , उनका एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन एक साथ करने, ग्राम मूलगांव का जिओ नेटवर्क 3 पाईंट है, उसे 9 पाईंट तक किया जाये। वन पट्टाधारी किसानों के एग्रीस्टेक पंजीयन में रकबा सुधार शीघ्र किया जाये। मोहेरा धान उपार्जन केंद्र को प्राथमिक कृषि सहकारी समिति का दर्जा देने, बोर लाइन की बिजली कटौती बंद करने, बेंद्राचुवा, सरईरूख, सिंगपुर मार्ग की स्वीकृति शीघ्र करने, मोहंदी, बिरझुली, सिंगपुर, दुगली, चौड़ीकरण मार्ग को तत्काल प्रारंभ करने, मड़वापथरा से पठार मुख्य मार्ग तक डामरीकरण सड़क निर्माण की स्वीकृति, सिंगपुर के अनुसूचित जाति छात्रावास को अनुसूचित जनजाति का छात्रावास बनाने, प्राथमिक कृषि सहकारी समिति मूलगांव के लिए कार्यालय एवं खाद गोदाम की स्वीकृति तथा मूलगांव प्राथमिक कृषि सहकारी समिति में चबूतरा निर्माण की मांग की गई है।



ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के अध्यक्ष रामायण सिन्हा, पदाधिकारी जगन्नाथ मंडावी, दुखितराम ध्रुव, मेलाराम, पंचराम, उदयत कुमार, छेदनलाल सहित अनेक किसान मौजूद थे।

## टायर फटने से अनियंत्रित हाइवा पिकअप से टकराया, दो घायल

- ग्राम अछोटा के पास हुआ हादसा

**धमतरी।** नगरी रोड से गुजर रहा हाइवा टायर फट जाने से अनियंत्रित होकर पिकअप से टकरा गया। इस घटना में पिकअप सवार दो लोग घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को हाइवा मुरूम भरकर नगरी रोड से होते हुए धमतरी की तरफ आ रहा था। इसी दौरान पिकअप सब्जी भरकर कुकरेल की तरफ जा रही थी। ग्राम अछोटा के पास मुरुम से भरे हाइवा का अचानक टायर फट गया। हाइवा अनियंत्रित होकर सामने आ रही पिकअप से जोरदार टकरा गया। इस घटना से पिकअप के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं पिकअप में सवार परमेश पटेल उम्र 39 वर्ष व भानुदेव मरकाम उम्र 34 वर्ष ग्राम जामगांव थाना नरहरपुर निवासी घायल हो गए। दुर्घटना के बाद हाइवा चालक वाहन छोड़कर भाग गया। सूचना मिलते ही डायल 112 टीम के आरक्षक खेमलाल यादव एवं चालक कुलदीप साहू तत्काल मौके पर पहुंचे। वहीं वरदान संस्था के शिवा प्रधान व हेमंत प्रधान ने भी घटनास्थल पहुंचकर राहत कार्य में सहयोग किया। घायलों को उपचार के लिए संजीवनी 108 की मदद से जिला अस्पताल लाया गया। घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। दुर्घटना के बाद डायल 112, वरदान परमार्थ सेवा समिति व आसपास के ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से पिकअप सवार घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार मिल पाया।

# सर्पमित्र सूर्यकांत ने देहदान का लिया संकल्प

- जिला अस्पताल पहुंचकर घोषणा पत्र सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मेडिकल कॉलेजों में चिकित्सा शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों को मानव शरीर की संरचनाओं का अध्ययन करने सर्पमित्र सूर्यकांत ने जिला अस्पताल पहुंचकर देहदान का घोषणा पत्र सौंपकर प्रेरणायक संदेश दिया है।

जिले में सर्पमित्र के नाम से मशहूर सूर्यकांत साहू पिता पुरंदरलाल रूद्री बस्ती निवासी ने मंगलवार को जिला अस्पताल पहुंच देहदान की घोषणा कर मानवता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का एक और उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस दौरान सूर्यकांत ने बताया कि अंगदान एक महादान है जो भविष्य में चिकित्सा शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों के लिए उपयोगी साबित होगा। सर्पमित्र ने कहा है कि देश में कुशल डाक्टरों की आवश्यकता लगातार बढ़ रही है। चिकित्सा शिक्षा के दौरान छात्रों को मानव शरीर की संरचना एवं विभिन्न चिकित्सा प्रक्रियाओं का व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करने के लिए अंगदान का विशेष महत्व होता है। इससे छात्र बेहतर शिक्षण प्राप्त कर एक अच्छे डॉक्टर बन सकते हैं और भविष्य में मरीजों की प्रभावी सेवा कर सकते है। इस दौरान जिला अस्पताल के गुरुशरण साहू व रेडक्रास के शिवा प्रधान मौजूद रहे।




### लंबे समय से मानव सेवा में सक्रिय

सर्पमित्र सूर्यकांत साहू लंबे समय से मानव सेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। वह प्रतिदिन शहर व आसपास के क्षेत्रों में 4 से 5 सांपों का सुरक्षित रेस्क्यू कर उन्हें प्राकृतिक वातावरण में छोड़ते हैं। उनके इस कार्य से शहरवासियों में सुरक्षा की भावना बनी रहती है। उनके इस कार्य से वन्यजीव संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है। सूर्यकांत साहू का योगदान समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उल्लेखनीय है कि सर्पमित्र सूर्यकांत लगभग 30 वर्ष से रक्तदान कर रहे हैं। अब तक उन्होंने लगभग 100 बार रक्तदान व दो बार प्लेटलेट्स दान कर चुके है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के नोडल अधिकारी से हरिभूमि की चर्चा

# स्वस्थ बुढ़ापे का अचूक मंत्र है योग : डॉ.पचौरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को भव्य रूप देने इस बार समाज कल्याण विभाग के बदले आयुष विभाग को जिम्मेदारी मिली है। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के नोडल अधिकारी एवं शासकीय आयुष पाली क्लिनिक के आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. अवध पचौरी ने योग के संबंध में हरिभूमि से विस्तार से चर्चा की।

आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. अवध पचौरी ने बताया कि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने मानव जीवन की प्रत्याशा को बढ़ा दिया है लेकिन जीवन की गुणवत्ता पर बड़ा प्रश्न चिन्ह लगा हुआ है। विज्ञान हमें लंबी उम्र तो दे सकता है, उस उम्र को स्वस्थ, सक्रिय और आनंदमय बनाए रखने का हुनर केवल प्राचीन भारतीय विरासत योग के पास है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून केवल प्रतीकात्मक उत्सव नहीं बल्कि यह 3 आधुनिक मानव समाज को अपन जड़ों की ओर लौटने और एक समग्र स्वास्थ्य दृष्टिकोण को अपनाने का वैश्विक आव्हान है। वैश्विक स्तर पर जनसांख्यिकीय बदलाव आ रहा है। वृद्धों की आबादी तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में स्वस्थ एवं गरिमापूर्ण बुढ़ापा आज की सबसे बड़ी सामाजिक और व्यक्तिगत आवश्यकता बन चुका है।



### अकेलेपन का इलाज योग चेतना

रिटायरमेंट के बाद या खालीपन के कारण कई बुजुर्ग एकाकीपन या डिप्रेशन का शिकार हो जाते हैं। योग व्यक्ति को अंतर्मुखी होकर स्वयं से दोस्ती करना सिखाता है। जब एक वृद्ध व्यक्ति सामूहिक योग कलाओं को जानता है तो उसे एक नया सामाजिक दायरा मिलता है। योग से शरीर में डोपामाइन और सेरोटोनिन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर रिलीज होते हैं जिसे हैप्पी हार्मोन्स कहा जाता है। ये हार्मोन्स निराशा की भावना को उत्साह में बदल देते हैं।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुरक्षित एवं व्यवहारिक योग

डॉ. पचौरी ने कहा कि बुजुर्गों का शरीर युवाओं जैसा लचीला नहीं रहता इसलिए योग का स्वरूप सहज धीमा और सुरक्षित होना चाहिए। जबरदस्ती एवं झटके से किया गया कोई भी आसन नुकसान पहुंचा सकता है। किसी भी बड़े आसन में जाने से पहले सूक्ष्म व्यायाम करना चाहिए। शरीर के हर छोटे-बड़े जोड़ को खोलने के लिए उंगलियों को मिंचना, टखनों को घुमाना, घुटनों का चालन और गर्दन को धीरे-धीरे घुमाना सूक्ष्म व्यायाम कहलाता है। यह शरीर के रक्त प्रवाह को सुचारू करता है और मांसपेशियों को वार्मअप करता है। डॉ. पचौरी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर परिवार एवं समाज के वरिष्ठजनों को योग की अमृत धारा से जोड़ने का संकल्प करने का आव्हान किया है।



डॉ. पचौरी कहते हैं कि बुढ़ापा जीवन का ठहराव या बीमारियों का घर नहीं होना चाहिए बल्कि बुढ़ापा संचित अनुभवों को जीने का सबसे खूबसूरत पड़ाव होना चाहिए। पंतजलि योग सूत्र को लेकर आधुनिक मेडिकल रिसर्च तक यह साबित हो चुका है कि योग बढ़ती उम्र के जैविक प्रभाव को धीमा करने और बुढ़ापे को ऊर्जावान बनाए रखने का अचूक मंत्र है।

## ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

# 60 परिवारों के लिए आबादी भूमि घोषित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम पंचायत मुजगहन में आवासीय भूमि की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग की है। सरपंच होमेश्वर साहू और जनपद सदस्य कीर्तन मीनपाल के नेतृत्व में ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शासकीय घास भूमि को आबादी भूमि घोषित करने की मांग की।

ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत मुजगहन के खसरा नंबर 1453, 1454 और 1455 की शासकीय घास भूमि पर पिछले 40 वर्षों से करीब 60 परिवार निवास कर रहे हैं। वर्षों से यहां रहने के बावजूद भूमि को अब तक आधिकारिक रूप से आबादी क्षेत्र घोषित नहीं किया गया है। इसके कारण ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं और मूलभूत सुविधाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। साथ ही बेदखली का डर भी बना रहता है।



सरपंच ने कहा कि गांव में लगातार जनसंख्या बढ़ रही है, जिससे आवासीय भूमि की कमी गंभीर समस्या बन गई है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि जनहित को ध्यान में रखते हुए संबंधित भूमि को आबादी घोषित कर वहां निवासरत परिवारों को पट्टा प्रदान किया जाए, ताकि उन्हें स्थायी आवासीय अधिकार मिल सके।

जनपद सदस्य कीर्तन मीनपाल ने भी ग्रामीणों की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि यह मामला 60 परिवारों के भविष्य और आशियाने से जुड़ा हुआ है। उन्होंने राजस्व विभाग से जल्द सर्वे कराकर आबादी घोषणा की प्रक्रिया पूरी करने की मांग की। इस दौरान उपसरपंच जतिन साहू, सचिव दीपक सोनकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### बिजली दर में वृद्धि से जनता परेशान : लेखराम



**धमतरी।** पूर्व विधायक लेखराम साहू ने राज्य सरकार द्वारा घरेलू बिजली दरों में की गई बढ़ोतरी को जनता के साथ अन्याय बताया है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष घरेलू बिजली दर में 30 से 50 पैसे प्रति यूनिट तक वृद्धि की गई है, जबकि कृषि पंपों के लिए 40 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी हुई है। गैर घरेलू उपभोक्ताओं को भी हर माह अतिरिक्त राशि चुकानी पड़ेगी। नई दरें 1 जुलाई से लागू होंगी। लेखराम साहू ने कहा कि पिछले वर्ष भी बिजली दरों में वृद्धि की गई थी और लगातार बढ़ती कीमत से आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार आने के बाद लोगों के बिजली बिल दोगुना से तीन गुना तक बढ़ गए हैं। श्री साहू ने चेतावनी दी कि यदि सरकार बिजली दर वृद्धि वापस नहीं लेती है तो कांग्रेस पार्टी बड़ा आंदोलन करेगी।

### साहू समाज की बैठक आज

**अंवरी।** तहसील साहू समाज भखारा की बैठक 17 जून बुधवार को दोपहर 3 बजे से तहसील साहू समाज भवन भखारा में आयोजित होगी। तहसील अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने समाजजनों से उपस्थिति की अपील की है।

### निधन

#### रामरतन निषाद



**मगरलोड।** ग्राम अमलीडीह निवासी सेवानिवृत प्राचार्य रामरतन निषाद उम्र 76 वर्ष का निधन 11 जून गुरूवार को हो गया। वे सुमित्रा निषाद के पति, शिक्षक विजय निषाद के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

# खेत बचाओ अभियान : किसानों को दी जा रही संतुलित खेती और जैविक कृषि की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले में कृषि भूमि की उर्वराशक्ति को बनाए रखने तथा किसानों को टिकाऊ एवं लाभकारी खेती के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा खेत बचाओ अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत धमतरी सहित जिले के सभी विकासखंडों कुरूद, मगरलोड और नगरी के विभिन्न ग्रामों में किसानों को रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों का संतुलित मात्रा में उपयोग करने संबंधी जानकारी दी जा रही है।

कृषि विभाग के अधिकारियों एवं मैदानी अमले द्वारा किसानों को बताया जा रहा है कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का आवश्यकता से अधिक उपयोग न केवल फसलों की गुणवत्ता को प्रभावित करता है, बल्कि भूमि की उर्वराशक्ति, पर्यावरण तथा मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। किसानों को मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों के उपयोग तथा समेकित पोषक तत्व प्रबंधन अपनाने की सलाह दी जा रही है।

**फरसगांव, अमाली, गोरेगांव, संकरी में आयोजित हुआ कृषक जागरूकता कार्यक्रम**






**खेती की लागत में आयेगी कमी**

ग्राम फरसगांव, अमाली, गोरेगांव, संकरी में आयोजित कृषक जागरूकता कार्यक्रम में किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए गोबर खाद, वर्मी कम्पोस्ट, हरी खाद तथा नीलहरित शैवाल (ब्लू-ग्रीन एल्गी) के उपयोग की जानकारी दी गई। कृषि विशेषज्ञों ने बताया कि इन जैविक विकल्पों के प्रयोग से मिट्टी की संरचना में सुधार होता है, सूक्ष्म पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ती है तथा खेती की लागत में कमी आती है। अभियान के दौरान किसानों को फसल चक्र अपनाने, जैविक अपशिष्टों के पुनः उपयोग, जल संरक्षण तकनीकों तथा एकीकृत कीट प्रबंधन (आईपीएम) के बारे में भी मार्गदर्शन दिया जा रहा है।

### क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर किया चक्काजाम, प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

# खाद संकट, जर्जर सड़कें और कानून व्यवस्था को लेकर एनएसयूआई का धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी





विकासखंड नगरी क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर सिहावा बस स्टैंड में राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन एवं चक्का जाम का आयोजन किया गया। शाम लगभग 4 बजे शुरू हुए इस आंदोलन में बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, किसानों तथा आम नागरिकों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों ने किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने, क्षेत्र में बढ़ रहे अवैध जुआ-सट्टा कारोबार पर रोक लगाने, जर्जर सड़कों की मरम्मत कराने, बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण करने तथा कानून व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर शासन-प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।

धरना स्थल पर लगाए गए बैनर और पोस्टरों के माध्यम से क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाया गया। वक्ताओं ने कहा कि खरीफ सीजन के दौरान किसानों को समय पर और पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जिससे खेती-किसानी प्रभावित हो रही है। खाद के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है, वहीं कुछ स्थानों पर खाद की कालाबाजारी और कृत्रिम कमी पैदा किए जाने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से इसकी तत्काल जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। एनएसयूआई नेताओं ने कहा कि क्षेत्र में अवैध जुआ और सट्टा का कारोबार तेजी से फैल रहा है, जिससे युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। आरोप लगाया कि खुलेआम संचालित हो रहे इस अवैध कारोबार के कारण सामाजिक वातावरण भी बिगड़ रहा है।

प्रदर्शन के दौरान क्षेत्र की बदहाल सड़कों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। वक्ताओं ने बताया कि सांकरा-जैतपुरी मार्ग, सिहावा-बिरगुड़ी मार्ग, बोराई-सिहावा मार्ग, कर्णेश्वर-घठुला मार्ग तथा हिरापुर-सिहावा मार्ग लंबे समय से जर्जर स्थिति में हैं। सड़कें जगह-जगह से उखड़ चुकी हैं, जिससे आवागमन में भारी परेशानी हो रही है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई को लेकर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आम जनता की आर्थिक स्थिति पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। क्षेत्र में समय पर पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता नहीं होने की समस्या भी सामने आ रही है, जिसका सीधा असर किसानों के कृषि कार्यों और ग्रामीणों के दैनिक जीवन पर पड़ रहा है। धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राजा देवांगन, विधानसभा एनएसयूआई अध्यक्ष अरविंद यादव, शहर अध्यक्ष राकेश नेताम, आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष मनोज, साक्षी अख्तर खान बेलदार, अंजोर निषाद ने किया। इस अवसर परा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अधोसंरचना विकास के प्रस्ताव शासन को भेजे गए



- नवीन नगर पंचायत करेली बड़ी की हुई पहली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

नवीन नगर पंचायत करेली बड़ी के गठन के बाद विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से मुख्य नगरपालिका अधिकारी महेंद्रराज गुप्ता की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक सोमवार को आयोजित की गई। बैठक में नगर के अधोसंरचना विकास को प्राथमिकता देते हुए सार्वजनिक शौचालय निर्माण, नवीन बस स्टैंड, श्मशान घाट विकास, पुष्प वाटिका निर्माण, तालाब सौंदर्यीकरण, नल-जल योजना विस्तार, सड़क एवं विद्युत प्रकाश व्यवस्था सहित विभिन्न जनसुविधा संबंधी कार्यों के प्रस्ताव पारित किए गए।

इस बैठक में तहसीलदार चित्रसेन साहू, मगरलोड थाना प्रभारी श्री अमलतास, करेली बड़ी चौकी प्रभारी आरएस बंजारे, समिति अध्यक्ष महेंद्र साहू, उपाध्यक्ष टोपराम सोनकर, सदस्यगण कुशलकांत साहू, इंदु साहू, वीरेंद्र सोनवानी, चोवाराम निषाद, प्रदीप सिन्हा तथा नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नगर पंचायत गठन का उद्देश्य क्षेत्र को आधुनिक नगरीय सुविधाओं से जोड़ना एवं नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

बैठक में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि करेली बड़ी को एक स्वच्छ, सुंदर एवं विकसित नगर के रूप में स्थापित किया जाए। जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने विश्वास व्यक्त किया कि शासन के सहयोग तथा जनभागीदारी से नवा करेली का सपना शीघ्र साकार होगा और नगर सामाजिक, आर्थिक एवं अधोसंरचनात्मक विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। अब नवा करेली बनाना है के संकल्प के साथ नगर पंचायत प्रशासन एवं समिति ने विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। विदित हो कि बैठक सरपंच, उपसरपंच एवं कुछ पंचों के विरोध के बीच सम्पन्न हुई, जिसमें नगर के समग्र विकास हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा कर उन्हें राज्य शासन को अनुमोदन एवं स्वीकृति के लिए भेजा गया।

**प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ ने संभाग आयुक्त को सौंपा ज्ञापन**

# 1998-99 से नियुक्त शिक्षकों को पेंशन देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के प्रांतीय आह्वान पर 15 जून को रायपुर संभाग स्तर पर संभाग आयुक्त श्याम तावड़े को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में संघ की एक सूत्रीय मांग 1998-99 से नियुक्त शिक्षकों को उनकी नियुक्ति तिथि से पेंशन का लाभ प्रदान करने की रखी गई। इस अवसर पर नारायण सोनी कार्यकारी प्रांताध्यक्ष, नवीन चंद्राकर प्रदेश सचिव, खेदूराम चंद्राकर संभाग अध्यक्ष, शिवनारायण तिवारी, पंचराम पांडे एवं पीताम्बर बंजारा उपस्थित रहे। संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री, वित्तमंत्री, शिक्षामंत्री, मुख्य सचिव एवं शिक्षा सचिव के नाम भी ज्ञापन प्रेषित किया।




कार्यकारी प्रांताध्यक्ष नारायण सोनी ने कहा कि प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में शिक्षक बिना पेंशन के सेवानिवृत्त हो रहे हैं, जिससे उनके समक्ष जीविकोपार्जन की समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2028 तक सेवानिवृत्त होने वाले अनेक शिक्षकों की स्थिति भी ऐसी ही बनने वाली है। इसलिए शासन-प्रशासन से लगातार मांग की जा रही है कि 1998-99 से नियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति तिथि से पेंशन प्रदान कर उनके बुढ़ापे को आर्थिक सुरक्षा दी जाए।

### प्रदेश निषाद समाज महिला विंग की अध्यक्ष बनी संतोषी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भखारा



संतोषी निषाद प्रदेश निषाद समाज महिला विंग की अध्यक्ष बनाई गईं। श्रीमती निषाद की इस नियुक्ति पर समाजजनों एवं क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### संकरी में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय नवीन प्राथमिक शाला संकरी में 16 जून को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। सभी बच्चों का मुंह मीठा कर स्कूल में प्रवेश दिलाया गया। मौके पर अन्य पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेश साहू, उपसरपंच राजेंद्र साहू, पूर्व सरपंच पवन साहू, नेतराम साहू, मदनलाल साहू, राकेश सिंह, हेमंत साहू, जीआरपी साहू, बंदेश्वर, प्रधान पाठक रोमनलाल गायकवाड़ समेत स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

# क्रिकेट प्रतियोगिता में बगौद की टीम ने मारी बाजी

- स्पर्धा में कुल 32 टीमों ने दिखाई अपनी प्रतिभा, फाइनल मैच देखने उमड़े खेलप्रेमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

ग्राम सिहाद में ग्रामीण स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन 14 जून रविवार को हुआ। समापन दिवस पर दो सेमीफाइनल मैच खेले गए। पहला सेमीफाइनल मैच दोनर वर्सेस बगौद के बीच खेला गया जिसमें बगौद की टीम ने जीत हासिल की। दूसरा सेमीफाइनल मैच गातापार वर्सेस रांवा के बीच खेला गया। गातापार अभनपुर की टीम ने विजय प्राप्त की। फाइनल मैच गातापार और बगौद के बीच 8-8 ओवर का खेला गया। गातापार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 98 रन बनाये, जवाब में बगौद की टीम ने 7 ओवर 99 रन बनाकर 6 विकेट से जीत हासिल की और 21,111 रूपये व ट्राफी पर कब्जा किया। गातापार की टीम को 11,111 रूपये व ट्राफी से संतुष्ट होना पड़ा।



**इन्होंने दिखाया दम**

मैन ऑफ द मैच बंटी बगौद 501 रूपये व ट्राफी, मैन ऑफ द सीरीज विनोद गातापार को 1001 रूपये व ट्रॉफी , बेस्ट बल्लेबाज कुणाल बगौद को 501रूपये व ट्राफी, बेस्ट फील्डर थमन यादव सिहाद को 501 रुपए व ट्राफी, बेस्ट बालर लक्की सोनी सिहाद को 501 व ट्राफी मिली। अंपायर योगेंद्र साहू व खूबलाल थे। कमेंट्री चम्मन लाल बैस, गीतेश्वर साहू शिक्षक, आर्यन बैस ने की। मंच संचालन चम्मन लाल बैस ने किया। प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लिया।

समापन समारोह की मुख्य अतिथि गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद थी। अध्यक्षता छत्रपाल बैस सरपंच प्रतिनिधि ने की। विशिष्ट अतिथि भेषज बैस उपसरपंच, सन्नी बैस, पंचगण वेदमती साहू, बुधा बाई साहू, चेतना बैस, लक्ष्मी बैस, बेना बैस, कविता कुर्रे, कमलेश्वरी यादव, जेठिया बाई सेन, गुनमत साहू, तिलक विश्वकर्मा थे।

इस आयोजन में सोनू बैस, दद्दू बैस, सीमंत तारक, लक्की सोनी, भन्नु तारक, मिथिलेश साहू, शीतल बैस, गोल्डी, सचिन, सागर, गीतू, आर्यन, उमेंद्र गंगेले, थामन, योगेंद्र, दक्ष साहू, टीका तारक, मयंक, मनीष साहू, उपेंद्र, शीबू, दीनू का सहयोग रहा।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-आमदी**
**तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.)**
**// सूचना पत्र //**

प्रति,
1. लोकेश कुमार रामरख्यानी
पि. इंदरलाल रामरख्यानी धमतरी
2. तेशकान्ता सिन्हा पति सूर्यकांत सिन्हा
3. साधुराम पि. भरोसा वगैरह
4. नीतू चोपड़ा पति नवीन चोपड़ा
रामबाग धमतरी
5. राजकुमार, गोपाल पि. दरबारी वगैरह

विषय :- त्रुटि सुधार की सूचना बाबत्।

--000--

आपको सूचित किया जाता है कि ग्राम तेलीनसत्ती प.ह.नं. 24 रा.नि.मं.-आमदी तहसील व जिला धमतरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 259/5 रकबा 0.095 हे. का आवेदक लोकेश कुमार रामरख्यानी पिता इंदरलाल रामरख्यानी निवासी धमतरी के आवेदन पर श्रीमान तहसीलदार धमतरी के आदेश दिनांक 09/06/2026 के अनुसार त्रुटि सुधार दिनांक 18/06/2026 को दिन गुरुवार समय 12.00 बजे मेरे द्वारा किया जाना है।

अतः आप सीमावर्ती भूमि स्वामी होने के कारण त्रुटि सुधार के समय स्थल पर मय दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें। समय पश्चात् आपत्ति ग्रहण नहीं की जावेगी।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. आमदी

**:: आम-सूचना ::**

सर्व साधारण आम-जनता एवं सभी शासकीय/अर्धशासकीय संस्था एवं निकाय को सूचित किया जाता है कि ग्राम अकलाडोंगरी प.ह.नं. 50 में स्थित भूमि खसरा नंबर क्रमशः 89, 95, 492, 655, 660 रकबा क्रमशः 0.58, 0.35, 0.35, 0.95, 0.40 हे. स्थित है वर्तमान राजस्व अभिलेख में सुकालू पिता पंचम तेली के नाम से दर्ज है और उक्त भूमि सुकालू पिता पंचम की पैतृक संपत्ति है एवं वर्तमान में पंचम पिता सुकालू के वारिसान पुत्रीगण उर्मिला, कौशिल्या, परमिला, गोदावरी एवं पत्नी मीलोबाई है जिसमें सुकालू के सभी वारिसानों का भी बराबर का हक एवं स्वत्व है। विश्वस्त सूत्रों से जानकारी मिली है कि सुकालू पिता पंचम उपरोक्त दर्शित खसरा क्रमशः 89, 95, 492, 655, 660 रकबा क्रमशः 0.58, 0.35, 0.35, 0.95, 0.40 हे. की भूमि को किसी के बहकावे में आकर विक्रय करने का प्रस्ताव किया जा रहा है जबकि सुकालू को संपूर्ण भूमि को विक्रय करने का कोई वैधानिक अधिकार नहीं है क्योंकि सुकालू के वारिसानों का भी बराबर हक एवं स्वत्व है।

अतः इस आम-सूचना के जरिये सूचित किया जाता है कि ग्राम अकलाडोंगरी प.ह.नं. 50 में स्थित भूमि खसरा नंबर क्रमशः 89, 95, 492, 655, 660 रकबा क्रमशः 0.58, 0.35, 0.35, 0.95, 0.40 हे. का सुकालू पिता पंचम तेली द्वारा विक्रय किया जाता है तो क्रेता को किसी प्रकार का कोई स्वत्व प्राप्त नहीं होगा तथा मेरे पक्षकार उक्त विक्रय विलेख को शून्य घोषित करवाते हैं एवं सक्षम न्यायालय में व्यवहार वाद प्रस्तुत कर चुनौती दी जावेगी एवं मेरे पक्षकार भी अपने स्वत्व व बंटवारा हेतु वाद प्रस्तुत करने के लिए स्वतंत्र होगा।

अतएव संपत्ति ग्राम अकलाडोंगरी प.ह.नं. 50 में स्थित भूमि खसरा नंबर क्रमशः 89, 95, 492, 655, 660 रकबा क्रमशः 0.58, 0.35, 0.35, 0.95, 0.40 हे. का किसी प्रकार से संव्यवहार/अंतरण ना करें अन्यथा अंतरिति को कोई स्वत्व प्राप्त नहीं होगा।

सो सूचना जानें।

अजय कुंभकार अधिवक्ता
तहसील कार्यालय परिसर धमतरी
तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.)
मो.नं. 98279-85997

### वरिष्ठजनों का अनुभव समाज की अमूल्य धरोहर : रोहरा

# नगर पंचायत आमदी में प्रबुद्धजनों का हुआ सम्मान


हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा सुशासन एवं जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर पंचायत आमदी में व्यापक जनसंपर्क एवं सम्मान कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि रामू रोहरा महापौर ने प्रबुद्ध जनों भूनु साहू, हेमनु कुंभकार, बिसु राम पटेल, मंशाराम साहू, पुरुषोत्तम साहू, कैलू पाड़े, घासी ढीमर, नोगेंद्र चक्रधारी को श्रीफल और गमछा भेंट कर अभिन्दन किया। श्री रोहरा ने कहा कि विशेष जनसंपर्क अभियान केवल सरकार की उपलब्धियों को बताने का माध्यम नहीं है, बल्कि समाज के वरिष्ठजनों, प्रबुद्ध नागरिकों एवं अनुभवी व्यक्तियों के आशीर्वाद और सुझाव प्राप्त करने का भी अवसर है। वरिष्ठजनों का अनुभव समाज की अमूल्य धरोहर है, जिससे नई पीढ़ी को प्रेरणा और मार्गदर्शन मिलता है। मौके पर तेजराम साहू भाजपा प्रदेश झुग्गी झोपड़ी सदस्य, श्रीमती ज्योति साहू अध्यक्ष नगर पंचायत आमदी, जितेन्द्र कुमार पटेल भाजपा जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा, कोमल देवांगन महामंत्री आमदी मंडल, कोमल यादव उपाध्याक्ष, उमानंद कुंभकार सभापति, चन्द्रखेखर साहू कृषि सहकारी समिति अध्यक्ष, पार्षदगण त्रिभुवन मटियारा, नारायण मटियारा, लक्ष्मी पटेल, जगेश्वर नेताम, सुनीता साहू, संतोषी साहू, जिनेंद्र पटेल महामंत्री भाजयुमो, आमदी मंडल तरुण साहू, भेवेन्द्र साहू, मितेश साहू, दीनदयाल साहू, सुरेंद्र पटेल, टूमेन्द्र कोसरिया, प्रेम समेत अन्य मौजूद थे।

**Pride of Dhamtari**




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### बिजली दरों में बढ़ोतरी आम जनता और मध्यम वर्ग पर आर्थिक बोझ : सावित्री



**दुर्गुकोंदल।** भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा बिजली दरों में की गई बढ़ोतरी का कड़ा विरोध करते हुए इसे आम जनता, मध्यम वर्ग और छोटे व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने वाला निर्णय बताया है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई के बीच बिजली की कीमतों में वृद्धि से आम नागरिकों की परेशानियां और बढ़ जाएंगी। विधायक सावित्री मंडावी ने जारी बयान में कहा कि राज्य में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरों में 30 से 50 पैसे प्रति यूनिट तक की वृद्धि की गई है, जबकि छोटी दुकानों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए बिजली 20 से 40 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है। सभी श्रेणियों को मिलाकर बिजली दरों में लगभग 6.23 प्रतिशत की वृद्धि की गई है, जो आगामी 1 जुलाई से लागू होगी।

### शराब के नशे में दोस्ती बनी दुश्मनी, युवक से मारपीट पुलिस ने दर्ज किया मामला

**कांकेर।** कोंडागांव जाने के दौरान दो दोस्तों के बीच हुआ विवाद मारपीट तक पहुंच गया। शराब सेवन के बाद शुरू हुई कहासुनी इतनी बढ़ गई कि एक युवक ने अपने ही साथी के साथ मारपीट कर दी। घटना में युवक को आंख और गर्दन में चोटें आई हैं। पीड़ित की शिकायत पर कांकेर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचें भिलाई निवासी युवक दीपक सिंह ने पुलिस को बताया कि मैं भिलाई में सेक्टर-6 स्थित सांई मंदिर के सामने फूलों की दुकान चलाता हूँ। शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह अपने मित्र धनंजय राय उर्फ मोनू के साथ 6 जून को कार्यालयीन कार्य से कोंडागांव जाने के लिए मोटरसाइकिल से निकला था।दोनों शाम करीब साढ़े चार बजे भिलाई से रवाना हुए और रात में कांकेर पहुंचे। कांकेर पहुंचने के बाद दोनों ने भोजन किया। इसके पश्चात शासकीय अस्पताल और थाना कांकेर के बीच स्थित सड़क किनारे बैठकर शराब का सेवन किया। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। शिकायतकर्ता के अनुसार विवाद के दौरान धनंजय राय गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दिया।

### जमीन विवाद ने लिया हिंसक रूप, युवक की जमकर पिटाई

**कांकेर।** कोरर थाना क्षेत्र के ग्राम चिल्हाटी नयापारा में जमीन संबंधी विवाद के दौरान एक व्यक्ति के साथ कथित रूप से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम चिल्हाटी नयापारा निवासी बाबूलाल नेताम ने थाना कोरर में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में उन्होंने गांव के ही नीरज कांगे एवं सुशीला कांगे पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि 15 जून की सुबह करीब साढ़े 8 बजे नीरज कांगे और सुशीला कांगे उसकी जमीन पर पत्थर डाल रहे थे, जब उसने इस कार्य का विरोध किया और जमीन पर सामग्री डालने से मना किया, तब दोनों आरोपी कथित रूप से आक्रोशित हो गए। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने पहले गाली-गलौज करते हुए विवाद शुरू किया और बाद में जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद छेना लकड़ी से बाबूलाल नेताम के साथ मारपीट की गई। घटना में उसके सिर, बाएं हाथ तथा बाएं पैर की जांघ में चोटें आई हैं।

# कुरुद विकासखंड के खैरा में बाईपास सड़क निर्माण की मांग हुई तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कुरूद विकासखंड के ग्राम खैरा के भाठाखार क्षेत्र में बाईपास सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों ने आवाज बुलंद की है। ग्रामीणों ने धरसा रोड से होते हुए मोंगरा के बाहरी हिस्से से खेत मार्ग के रास्ते नेशनल हाईवे चर्रा के आगे वाहन क्रॉसिंग तक बाईपास मार्ग बनाने की मांग को लेकर जनपद पंचायत अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू को ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग को लेकर लंबे समय से मांग की जा रही है। उनका कहना है कि विधायक द्वारा भी समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया गया था, लेकिन अब ग्रामीण केवल आश्वासन नहीं बल्कि धरातल पर काम चाहते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि यदि जल्द उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

इस दौरान युवा कांग्रेस के प्रतीक साहू ने भी ग्रामीणों की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि धरसा सड़क निर्माण का कार्य कई वर्षों से अधूरा पड़ा है। इस विषय को लेकर कई बार विधायक से चर्चा की गई, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। उन्होंने कहा कि गांव में सड़क, स्ट्रीट लाइट और पर्याप्त पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की भी कमी है। विकास के मामले में ग्राम खैरा विधानसभा क्षेत्र के पिछड़े गांवों में शामिल है। अब गांव को केवल वादे नहीं बल्कि स्थायी समाधान की जरूरत है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान सरपंच योगेश्वरी साहू, उपसरपंच जमुना यादव सहित पंच रमाकांत साहू, छबिराम साहू, शैलेंद्र साहू, बलीराम ध्रुव, गोपाल पटेल, हीरालाल साहू, नीता साहू, रमेशरी नवरंगे, मंगल पटेल, जामुन यादव, गिरिजा साहू, गोदावरी कंवर, खेमिन साहू मौजूद रहे। जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए कहा कि सड़क निर्माण सहित अन्य मांगों को लेकर विधायक और मुख्यमंत्री से चर्चा कर जल्द समाधान की दिशा में पहल की जाएगी।

**ग्रामीणों ने जनपद अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन**



## नगरी क्षेत्र में रात के अंधेरे में धरती का सीना चीरकर निकाली जा रही मुरुम

# खनिज माफियाओं के आगे बेबस प्रशासन!

**ग्रामीणों और मीडिया को जानकारी, जिम्मेदार अधिकारी अनजान; कार्रवाई नहीं होने पर उठ रहे सवाल**

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सिहावा-नगरी क्षेत्र में मुरुम के अवैध उत्खनन और परिवहन का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। हालात ऐसे हैं कि दिन में प्रशासन विकास और कानून-व्यवस्था के दावे करता है, जबकि रात के अंधेरे में भारी मशीनों से बड़े पैमाने पर मुरुम निकालकर हाइवा वाहनों से परिवहन किया जा रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस अवैध गतिविधि की जानकारी ग्रामीणों और मीडिया तक को है, उसी मामले में जिम्मेदार अधिकारी अनभिज्ञता जताते नजर आ रहे हैं।कुछ दिन पहले ग्राम सांकरा के तालाब में बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध मुरुम उत्खनन का मामला सामने आया था। इसके बाद लोगों को उम्मीद थी कि खनिज, राजस्व और स्थानीय प्रशासन संयुक्त कार्रवाई करेगा, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। इससे प्रशासन की कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे हैं।सूत्रों के अनुसार 15 जून की रात करीब 11 बजे ग्राम फरसियां से लगे जंगल क्षेत्र में चेन माउंटेन मशीन से बड़े पैमाने पर मुरुम की खुदाई की गई। बाद में दो हाइवा वाहनों के माध्यम से मुरुम एक शासकीय विभाग के कार्यालय परिसर तक पहुंचाई गई। ग्रामीणों का कहना है कि रात में मशीनों और भारी वाहनों की आवाज दूर तक सुनाई देती है, इसलिए अधिकारियों का जानकारी नहीं है कहना लोगों के गले नहीं उतर रहा। स्थानीय लोगों का दावा है कि अवैध उत्खनन केवल सांकरा और फरसियां तक सीमित नहीं है, बल्कि नगरी क्षेत्र के अन्य इलाकों में भी समय-समय पर ऐसी शिकायतें सामने आती रही हैं। शासकीय निर्माण कार्यों में उपयोग हो रही मुरुम के स्रोतों को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। लोगों की मांग है कि निर्माण कार्यों में प्रयुक्त सामग्री के वैध दस्तावेज सार्वजनिक किए जाएं।

ग्रामीणों का कहना है कि खनिज संपदा की सुरक्षा की जिम्मेदारी राजस्व, खनिज और वन विभाग सहित कई एजेंसियों पर है। इसके बावजूद यदि रात में मशीनें चल रही हैं और परिवहन हो रहा है, तो यह निगरानी व्यवस्था की विफलता को दर्शाता है।

पक्ष जानने का प्रयासः रात्रिकालीन अवैध उत्खनन और परिवहन के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक किसी भी अधिकारी से संपर्क नहीं हो सका। विभाग का पक्ष प्राप्त होने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।




### पर्यावरण और जलस्रोतों पर भी पड़ रहा असर

विशेषज्ञों के अनुसार बिना अनुमति किए जा रहे उत्खनन से पर्यावरण, जलस्रोत और कृषि भूमि पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि लगातार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से अवैध खनन से जुड़े लोगों के हौसले बुलंद हो गए हैं। स्थानीय नागरिकों ने जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि सत्ता पक्ष को प्रशासन से सख्त कार्रवाई करानी चाहिए, जबकि विपक्ष को इस जनहित के मुद्दे पर मुखर होना चाहिए।

### दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन और खनिज विभाग से सांकरा, फरसियां सहित पूरे सिहावा-नगरी क्षेत्र में चल रहे अवैध उत्खनन और परिवहन की उच्चस्तरीय जांच कराने, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने तथा शासकीय निर्माण कार्यों में उपयोग की जा रही मुरुम के स्रोतों की जांच कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो शासन को राजस्व का नुकसान होता रहेगा और क्षेत्र की प्राकृतिक संपदा का लगातार दोहन होता रहेगा।

### मुरूम निकालने नहीं दी अनुमति : सरपंच

इस संबंध में सरपंच फरसियां केशव टेकाम का कहना है कि मुरूम निकालने के लिए पंचायत से अनुमति नहीं दी गई है। गांव में जब आवश्कता थी तब मुरूम निकाली गई। रात में मुरूम निकाले जाने के बारे में मुझे मालूम नहीं है। अवैध उत्खनन की जांच कर कार्रवाई कराई जाएगी।

## श्यामतराई में विकास कार्यों की दरकार



**धमतरी।** ग्राम पंचायत श्यामतराई के ग्रामीणों ने पूर्व विधायक रंजना साहू के नेतृत्व में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी को गांव के विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति के लिए आवेदन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि गांव की मुख्य निस्तारी नाली जर्जर हो चुकी है, जिससे थोड़ी सी बारिश में भी गांव जलमग्न हो जाता है। बरसाती एवं निस्तारी जल का समुचित निकास नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने लगभग 500 मीटर लंबी मुख्य नाली के दोनों ओर रिटर्निंग वॉल निर्माण की मांग करते हुए इसे शीघ्र स्वीकृत करने का आग्रह किया। यह भी बताया कि मुख्य नाली के ऊपर से गुजर रही सिंचाई विभाग की नहर टूटकर नाली में गिर गई है, जिससे पानी का प्रवाह बाधित हो रहा है। गांव का मुख्य मार्ग भी क्षतिग्रस्त हो चुका है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने लगभग 500 मीटर लंबे सीसी सड़क निर्माण की मांग भी सांसद के समक्ष रखी। ज्ञापन सौंपने के दौरान उपसरपंच धनंजय साहू, सरपंच डोमेश्वरी साहू, सचिव राजेन्द्र चंद्रवंशी, साधना साहू, भानबाई साहू, धनंजय साहू, गजानंद साहू, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष टीकाराम साहू, पूर्व सरपंच द्वारका प्रसाद साहू, पूर्व सरपंच बालकराम साहू, अशोक साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## नए शिक्षण सत्र में व्यवस्थाओं पर सवाल

- गणवेश-पुस्तकों में देरी और वीएसके ऐप की तकनीकी दिक्कतों से शिक्षक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

नए शिक्षण सत्र की शुरुआत के साथ ही छत्तीसगढ़ में स्कूलों की व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन कुरूद ने आरोप लगाया है कि कई स्कूलों में विद्यार्थियों को अब तक गणवेश और पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध नहीं हो पाई हैं। वहीं भीषण गर्मी के बीच बच्चों की उपस्थिति के बावजूद जरूरी शैक्षणिक सामग्री की कमी बनी हुई है। फेडरेशन का कहना है कि शिक्षा विभाग द्वारा लागू किए गए विद्या समीक्षा केंद्र ऐप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने की प्रक्रिया में भी शिक्षकों को तकनीकी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**लॉगिन और तकनीकी समस्याओं से जूझ रहे शिक्षक**

शिक्षकों के अनुसार वीएसके ऐप में आईडी मिसमैच, मोबाइल नंबर अपडेट नहीं होना, लॉगिन में परेशानी और लंबे समय तक लोडिंग जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। कई शिक्षक प्रयास के बाद भी उपस्थिति दर्ज नहीं कर पा रहे हैं। फेडरेशन ने कहा कि यदि तकनीकी कारणों से ऐप काम नहीं कर रहा है तो इसकी जिम्मेदारी शिक्षकों पर नहीं डाली जानी चाहिए।



### वेतन प्रभावित नहीं करने की मांग

फेडरेशन ने विभाग से मांग की है कि तकनीकी खामियों के कारण उपस्थिति दर्ज नहीं होने पर शिक्षकों के वेतन पर कोई कार्रवाई न की जाए। साथ ही वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में मैनुअल उपस्थिति स्वीकार करने या स्कूलों में बायोमेट्रिक व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग रखी गई है। संगठन का कहना है कि डिजिटल व्यवस्था लागू करना जरूरी है, लेकिन इसके लिए तकनीकी ढांचा मजबूत होना चाहिए ताकि शिक्षकों को अनावश्यक परेशानी न हो।

### शिक्षकों की निजता और साइबर सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया

फेडरेशन ने बायोमेट्रिक व्यवस्था को लेकर भी सुझाव दिया है कि ऐसी प्रणाली होनी चाहिए जिससे भविष्य में साइबर सुरक्षा संबंधी जोखिम कम हों और शिक्षकों की व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रहे। फेडरेशन ने शासन और स्कूल शिक्षा विभाग से शिक्षकों की समस्याओं पर गंभीरता से विचार कर व्यावहारिक समाधान निकालने की अपील की है, ताकि शिक्षक बिना तकनीकी बाधाओं के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा दे सकें।

## अंचल की खबरें

### कुहकुहा में भागवत कथा का हुआ समापन





**सिर्री।** ग्राम कुहकुहा में आदर्श बाल समाज मानस मंडली, नाटक मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 5 से 13 जून तक श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया। कथावाचक बोरियाखुर्द रायपुर के महेश्वर प्रसाद तिवारी थे। शाम को आरती हुई। 13 जून को गीतापाठ, तुलसी वर्षा की गई। 9 दिनों तक कुहकुहा निवासियों ने कथा का रसपान किया। तपती गर्मी में भी कथा सुनने श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। समापन दिवस पर पूर्णाहुति के साथ ही भोजन प्रसादी बांटी गई।

### स्वस्थ आयु के लिए योग 21 जून को

- हरदिहा साहू समाज भवन में होगा जिलास्तरीय योग दिवस का आयोजन




**धमतरी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को जिले में व्यापक स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग निर्धारित की गई है। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम स्थानीय हरदिहा साहू समाज भवन रत्नाबांधा रोड, धमतरी में प्रातः 6:30 बजे से आयोजित होगा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए जिला आयुष अधिकारी डॉ. कृपाराम ठाकुर को नोडल अधिकारी तथा उप संचालक समाज कल्याण विभाग को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कार्यक्रम की विभिन्न व्यवस्थाओं जैसे-बैठक, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा, प्रचार-प्रसार, यातायात एवं सुरक्षा के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। प्रतिभागियों को सामान्य योग प्रोटोकॉल के तहत विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया जाएगा।

### नवप्रवेशी विद्यार्थियों का हुआ आत्मीय स्वागत



**धमतरी।** शासकीय विद्यालय मुजगहन में शाला प्रवेश उत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजयुमो जिला महामंत्री एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष ओमेश यादव रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक श्री नाग, प्राचार्य मोनिका गोस्वामी, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में पालकों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्प भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकों का वितरण भी किया गया। विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया गया तथा नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया गया। अपने उद्बोधन में ओमेश यादव ने कहा कि शिक्षा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने पालकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने का आग्रह किया तथा विद्यार्थियों को मन लगाकर अध्ययन करने और जीवन में उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

## अधिवक्ता मृत्यु सहायता राशि बढ़ाने की मांग

- बार काउंसिल के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ परिषद के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार पाराशर के नेतृत्व में परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास कार्यालय में भेंटकर प्रदेश के अधिवक्ताओं के हितों से जुड़ी 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने अधिवक्ताओं के कल्याण, सामाजिक सुरक्षा और पेशागत सुविधाओं से संबंधित विषयों पर चर्चा की।

इस दौरान अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू ने अधिवक्ताओं की समस्याओं और कल्याणकारी योजनाओं की आवश्यकता को प्रमुखता से मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रदेश में लगभग 36 हजार अधिवक्ता न्याय व्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में कार्य कर रहे हैं, लेकिन उनके कल्याण और सामाजिक सुरक्षा के लिए कई आवश्यक सुविधाओं का अभाव है। छत्तीसगढ़ अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू करने, अधिवक्ता मृत्यु सहायता राशि बढ़ाने, सामूहिक बीमा योजना, वरिष्ठ अधिवक्ताओं के लिए पेंशन योजना, नव नामांकित अधिवक्ताओं के लिए छात्रवृत्ति सहायता, निःशुल्क चिकित्सा सुविधा तथा टोल टैक्स में छूट जैसी मांगें रखी गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों से परीक्षण और आवश्यक कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया।

बार काउंसिल अध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने कहा कि मांगों के पूरा होने से अधिवक्ताओं को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा मिलेगी तथा न्यायिक व्यवस्था और अधिक सशक्त होगी। प्रतिनिधिमंडल में परिषद के उपाध्यक्ष विराट वर्मा, कोषाध्यक्ष नरेन्द्र सोनी, बार काउंसिल ऑफ इंडिया सदस्य शैलेन्द्र दुबे, कार्यकारी उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता तथा परिषद सदस्य शत्रुहन सिंह साहू, प्रभाकर चंदेल, भास्कर साहू, गणेश राम गुजराल, फैसल रिजवी, ब्रजेशनाथ पाण्डेय, विवेकानंद भोई, रूपेश त्रिवेदी, प्रशांत तिवारी, रवि राजपूत, चंद्रप्रकाश जांगड़े, संतोष वर्मा, सचिव अमित वर्मा, अधिकारी दीपक ठाकुर और टीकाराम साहू शामिल रहे।

## नगरी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**नगरी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था नगरी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्था की प्रमुख राजयोगिनी भावना के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद पंचायत नगरी की सभापति प्रेमलता नागवंशी रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि देश की आजादी और समाज के विकास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, महारानी दुर्गावती, सावित्रीबाई फुले और अहिल्याबाई होलकर के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि इन महान महिलाओं ने अपने साहस और कार्यों से समाज को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं।

**कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुरूद जिला-धमतरी (छ.ग.)**
EMAIL ID: jp-kurud.cg@gov.inPhone Number: 07705-299205

क्रमांक / 1283 / भंडार / निविदा / 2026-27 — कुरूद, दिनांक 15.06.2026

**-: निविदा आमंत्रण सूचना :-**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुरूद, जिला धमतरी अंतर्गत ग्राम पंचायत थूहा, कोड़ापार, सुपेला, नवागांव थू०, सिलीडीह, नारी, कुल्हाड़ी, ईर्रा में व्यवसायिक परिसर का निर्माण लोक निजी भागीदारी पद्धति (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) से निविदा 20 वर्ष के अवधि के लिये इच्छुक फर्म/संस्था/व्यक्तियों से मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं निविदा की नियम व शर्तें कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.) में राशि रू. 500/- (पाँच सौ रूपये) नगद जमा कर दिनांक 18.06.2026 से 20.07.2026 तक कार्यालयीन समय पर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा दिनांक 20.07.2026 सायं 05.30 बजे तक जमा किये जा सकते हैं। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 22.07.2026 को प्रातः 11:00 बजे क्रय समिति के समक्ष खोली जावेगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.)







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप




### तीन कोचियों से 19 लीटर महुआ शराब जब्त

**कांकेर।** थाना कांकेर और पखांपुर पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए तीन शराब कोचियों को दबोचा। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 15 जून को आरोपी मनकेशरी निवासी 29 वर्षीय चंद्रहास मंडावी पिता स्व. खेदूराम के कब्जे से 10 लीटर महुआ शराब और नगद 100 रुपए, टिकरापारा कांकेर निवासी 28 वर्षीय अभय ठाकुर पिता प्रकाश के कब्जे से 6 लीटर महुआ शराब और नगद 100 रुपए तथा पखांजुर पुलिस ने आरोपी पीव्ही 46 गांधीनगर निवासी बंकिमराय पिता सुभाष के कब्जे से 14 जून को 3 लीटर महुआ शराब को जब्त किया। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### जनपद निधि से ग्राम चवेला-तुड़गे हुए रोशन

**भानुप्रतापपुर।** जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 9 गिरजा देवी साहू द्वारा जनपद निधि से ग्राम चवेला व तुड़गे में 50 नग स्ट्रीट गली लाइट का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच जगजीत नागेश, उपसरपंच खेमीन बंजारे, वरिष्ठ नागरिक नारद यादव, संबलपुर उपसरपंच गौरव चोपड़ा सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहें। इस अवसर पर जनपद सदस्य ने अपनी निधि से ग्राम चवेला और तुड़गे में अपनी निधि से 2 नग बोर खनन के लिए व पुराने पंचायत भवन चबेला के जीर्णोद्धार के लिए 70 हजार रुपए देने की घोषणा किया।

### फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत श्रीरामनगर कांकेर निवासी 55 वर्षीय साफिक खान पिता स्व. जमाल खान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 15 जून को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### गमछा से लगाई फांसी, हुई मौत

**कांकेर।** रावघाट थानांतर्गत तालबेड़ा निवासी 16 वर्षीय विद्याधर गावड़े पिता पीताम्बर ने फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 14 जून को अपने घर के कमरा में गमछा का फंदा बनकार फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सर्पदंश से बच्ची की मौत

**कांकेर।** ताड़ोकी थानांतर्गत सरण्डी के तीन वर्षीय बच्ची को साप ने काट लिया जिसके कारण उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि निशिता ध्रुव पिता गजेंद्र ध्रुव को साप ने काट लिया था। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से उसकी 22 मई को मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### जिले में मत्स्याखेट 15 अगस्त तक पूर्णतः निषिद्ध

**कांकेर।** वर्षा ॠतु में मछलियों की वंश वृद्धि प्रजनन के दृष्टिकोण से उन्हें संरक्षण देने के लिए 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को 'बंद ॠतु' क्लोज सीजन घोषित किया गया है। मछली पालन विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि जिले के ऐसे सभी तालाबों एवं जल स्त्रोतों में जिनका संबंध नदी-नालों से नहीं है, के अतिरिक्त जलाशयों में किए जा रहे केज कल्चर को छोड़कर, सभी प्रकार के जल संसाधनों में 15 अगस्त 2026 तक मत्स्याखेट कार्य पूर्णतः निषिद्ध रहेगा।

### भारी वाहनों पर रोक लगाने की मांग पर सौंपा ज्ञापन

**पखांजूर।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले स्थित सूरजागढ़ खदान से निकाले जा रहे खनिज पदार्थों के परिवहन को लेकर पखांजूर क्षेत्र में विरोध तेज हो गया है। युवा कांग्रेस अंतागढ़ विधानसभा अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पखांजूर को ज्ञापन सौंपकर नगर एवं आबादी क्षेत्रों से गुजर रहे भारी खनिज परिवहन वाहनों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

# महतारी वंदन योजना : किसी का नाम सुधरा तो किसी का सरनेम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का ई-केवाईसी अभियान जिलेभर में तेजी से चल रहा है। इस दौरान महिलाओं के दस्तावेजों में दर्ज त्रुटियों को सुधारने का काम भी किया जा रहा है। कहीं नाम की स्पेलिंग गलत मिली तो कहीं सरनेम छूट गया था। अब आधार और योजना के रिकॉर्ड का मिलान कर सुधार प्रक्रिया पूरी की जा रही है, जिससे महिलाओं को योजना का लाभ बिना रुकावट मिलता रहे।


महिला एवं बाल विकास विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और च्वाइस सेंटरों के सहयोग से अभियान को गति दी गई है। जिले में योजना के तहत पंजीकृत 2 लाख 27 हजार 183 महिलाओं का सत्यापन किया जा रहा है। इनमें बड़ी संख्या में महिलाओं का ई-केवाईसी पूरा हो चुका है, जबकि शेष हितग्राहियों के दस्तावेज अपडेट करने का कार्य जारी है। ई-केवाईसी के दौरान यह सामने आया कि आवेदन भरते समय कई महिलाओं के नाम अधूरे दर्ज हो गए थे। कुछ मामलों में सरनेम नहीं लिखा गया था, जबकि कई महिलाओं के नाम की स्पेलिंग आधार कार्ड से अलग थी। ऐसे मामलों में अब सुधार कर दस्तावेजों को अपडेट किया जा रहा है। इसके लिए आधार सेवा केंद्रों में महिलाओं की भीड़ बढ़ रही है।

ई-केवाईसी प्रक्रिया में बुजुर्ग महिलाओं को भी विशेष सहायता दी जा रही है। कई वृद्ध महिलाओं के अंगूठे के निशान हल्के पड़ जाने और आंखों के सत्यापन में परेशानी आने के कारण प्रक्रिया पूरी करने में दिक्कत हो रही है। ऐसे मामलों को विभाग अलग से दर्ज कर राज्य कार्यालय को भेज रहा है।

## जिलेभर में चल रहा दस्तावेज सुधार अभियान

### हर पात्र हितग्राही तक पहुंचेगा लाभ

महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिकारी जगरानी एक्का ने बताया कि सभी हितग्राहियों का ई-केवाईसी पूरा कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन महिलाओं के दस्तावेजों में त्रुटियां हैं, उनका सुधार कराया जा रहा है ताकि किसी भी पात्र महिला की राशि न रुके।




### योजना की शुरूआत मार्च 2024 में हुई

महतारी वंदन योजना की शुरुआत मार्च 2024 में हुई थी। योजना के तहत महिलाओं को हर महीने आर्थिक सहायता दी जा रही है। विभाग का कहना है कि ई-केवाईसी और दस्तावेज अपडेट होने से योजना और अधिक पारदर्शी बनेगी तथा पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिलता रहेगा।

## सड़कों से लेकर वाहनों की धुलाई तक बह रहा पानी

# पानी की बर्बादी पर बढ़ी चिंता सख्त कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर में जल संरक्षण को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद कई इलाकों में पानी की खुलकर बर्बादी देखने को मिल रही है। गर्मी के दिनों में जहां एक ओर कई क्षेत्र में लोग बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान रहते हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ लोग पानी का उपयोग जरूरत से ज्यादा कर उसे व्यर्थ बहा रहे हैं। शहर के कई प्रमुख मार्गों और मोहल्लों में घंटों तक पाइप चालू रखकर सड़कों पर पानी बहाया जा रहा है। इसके अलावा बाइक, कार और अन्य चारपहिया वाहनों की धुलाई में भी बड़ी मात्रा में पानी बर्बाद किया जा रहा है।

रामबाग, सदरबाजार रोड, पोस्ट ऑफिस वार्ड रोड, विंध्यवासिनी मंदिर मार्ग, गोकुलपुर और रुद्री रोड जैसे क्षेत्र में यह स्थिति आम नजर आ रही है। कई स्थानों पर लोग घरों के सामने धूल दबाने या सफाई के नाम पर लंबे समय तक पाइप से पानी बहाते दिखाई देते हैं। इससे न केवल पानी की बर्बादी हो रही है बल्कि जल संरक्षण अभियान की मंशा भी प्रभावित हो रही है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते लोगों में जागरूकता नहीं आई तो आने वाले समय में जल संकट और गंभीर हो सकता है। लोगों ने प्रशासन से ऐसे मामलों में निगरानी बढ़ाने और कार्रवाई करने की मांग की है।



### निगम सख्त कदम उठाएं

वार्डवासी रूपनारायण भारद्वाज, कमलेश पुरोहित, लक्ष्मीनारायण साहू, राजा दीवान, लोकेश सिंह और विनोद गंजीर सहित अन्य नागरिकों ने कहा कि पानी की बर्बादी करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाया जाना चाहिए। उनका कहना है कि एक ओर लोग पानी की कमी से परेशान हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ लोग लापरवाहीपूर्वक पानी बहा रहे हैं, जो चिंता का विषय है।

### पानी बचाना हर नागरिक का दायित्व

नगर निगम के इंजीनियर कमलेश ठाकुर ने बताया कि निगम प्रशासन द्वारा सप्लाई किए गए पानी की बर्बादी किए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति अपने निजी बोर के पानी का दुरुपयोग करता है तो निगम केवल उसे समझाइश और अपील कर सकता है। निगम प्रशासन लगातार लोगों से पानी बचाने और जरूरत अनुसार ही उपयोग करने की अपील कर रहा है।

# अरौद में विधायक ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण

केन्द्र एवं राज्य शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता को मिले : अजय





हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

कुरुद विधायक अजय चन्द्राकर का सोमवार को जनसंपर्क दौरा कार्यक्रम रहा। इस दौरान मुख्य अतिथि की आसंदी से उन्होंने ग्राम अरौद में नवीन ग्राम पंचायत भवन, आंगनबाड़ी भवन एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री चन्द्राकर ने कहा कि आम जनता के जीवन में समावेशी विकास अत्यंत आवश्यक है। केन्द्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करना हमारी प्रथम प्राथमिकता है। आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य लाभ, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, उज्ज्वला योजना, मातृत्व वंदन योजना, राशन कार्ड, श्रमिक कार्ड और जॉब कार्ड आदि जैसी अनेक योजनाओं का लाभ सीधे आम जनता तक पहुंचाना ही सरकार का मूल उद्देश्य है।

श्री चन्द्राकर ने शासन-प्रशासन के विभिन्न विभागों जैसे विद्युत, स्वास्थ्य, राजस्व, पुलिस, जनपद, जिला, कृषि, शिक्षा और समाज कल्याण आदि को आम जनता की समस्याओं का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष बीरेन्द्र साहू, मेघा मण्डल अध्यक्ष कल्याण सिंह राजपूत, महामंत्री पीतराम देवांगन, कोषाध्यक्ष संतोष सोनी, मेघा मण्डल प्रभारी होरीलाल साहू, जनपद सदस्य नंदनी रेखा साहू, राजेश साहू, विनीता साहू समेत सरपंच, सचिव, पंचगण व बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### प्राथमिकता के साथ करें कार्य

उन्होंने सरपंच एवं सचिव से कहा कि आम जनता की सुविधा और मूलभूत आवश्यकताओं को प्राथमिकता देकर कार्य करें, तभी पंचायती राज व्यवस्था पूरी तरह सफल होगी। उन्होंने बताया कि मेघा से खैरझिटी और अरौद से हरदी, बेलौदी तक सड़क चौड़ीकरण की स्वीकृति मिल गई है, जिसका निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा।

## युवा आयोग अध्यक्ष विश्वविजय का भाजयुमो ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर के धमतरी आगमन पर भारतीय जनता युवा मोर्चा ने लोहरसी सर्किट हाउस में उनका आत्मीय स्वागत किया।

इस अवसर पर युवाओं के विकास, कौशल संवर्धन, सामाजिक सहभागिता तथा संगठनात्मक विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। श्री तोमर ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त एवं जनहितैषी बनाने के संबंध में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया।

जिले में संचालित युवा गतिविधियों एवं आगामी कार्यक्रमों की जानकारी साझा की गई। इस दौरान युवाओं के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

मौके पर भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष शुभम जायसवाल, जिला महामंत्री ओमेश यादव, जितेश सिन्हा, युवराज मरकाम, सुभाष चंद्राकर, दिग्विजय ध्रुव, मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र साहू, देवेश साहू, गिरीश साहू, लोकेश चंद्राकर, हुमन यादव, अर्पित सिंह, आकाश भोजवानी, योगेश सिन्हा, जिनेन्द्र पटेल, कुणाल घोरपड़े, कुशल चंद्राकर, तुषार साहू, निशांत सिन्हा, घासीराम, दिव्यांशु दुलानी, वेदांत साहू सहित युवा मोर्चा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पेड़ लगाबो, फल खाबो अभियान से शुरू हुआ शाला प्रवेशोत्सव

- बच्चों ने गुठलियों से नए वृक्ष उगाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासकीय माध्यमिक शाला लुगे में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए किया गया। पेड़ लगाबो, तभे तो फल खाबो अभियान के तहत समाजसेवी दंपति तुमनचंद साहू एवं रंजीता साहू ने विद्यालय के विद्यार्थियों को अमरूद एवं जामुन के फल वितरित किए।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को बताया गया कि यदि भविष्य में स्वादिष्ट और पौष्टिक फल प्राप्त करने हैं, तो आज पेड़ लगाना और उनका संरक्षण करना हमारी जिम्मेदारी है। बच्चों ने उत्साहपूर्वक फल ग्रहण किए और अभियान के संदेश फल खाना है तो पेड़ लगाना है को आत्मसात किया।



कार्यक्रम की सबसे प्रेरणादायी पहल तब देखने को मिली, जब विद्यार्थियों ने जामुन खाने के बाद उसकी गुठलियों को फेंकने के बजाय एकत्रित करने का संकल्प लिया। बच्चों ने निर्णय लिया कि इन गुठलियों को सड़क किनारे, तालाबों के आसपास, नदी तटों तथा अन्य खाली स्थानों पर बिखेरेंगे, ताकि भविष्य में अधिक से अधिक जामुन के वृक्ष विकसित हो सकें।

विद्यालय के प्रधानपाठक नरेन्द्र सिन्हा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, प्रकृति प्रेम और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने समाजसेवी दंपति की इस प्रेरणादायी पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अनुकरणीय बताया।

## सच्चे मन और श्रद्धा से ही ज्ञान की प्राप्ति

- चालीहा महोत्सव में श्रद्धा और सत्संग की महिमा का हुआ वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



प्रेम प्रकाश आश्रम में चल रहे चालीहा महोत्सव के छठवें दिन चालीसा पाठ एवं सत्संग का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर वाधवानी परिवार की चार पीढ़ियों ने संयुक्त रूप से आयोजन कर धार्मिक परंपरा और संस्कारों का संदेश दिया। वयोवृद्ध फूलचंद वाधवानी, उनके पुत्र महेश कुमार, पोते लक्की और परपोते रियांश वाधवानी ने कार्यक्रम में विशेष सहभागिता निभाई।

सत्संग में संत लोकेश ने कहा कि सच्चे मन और श्रद्धा से ही ज्ञान की प्राप्ति संभव है। उन्होंने आचार्य श्री द्वारा रचित दोहा जप तप सेवा कर्म शुभ, तीर्थ दान स्नान, श्रद्धा बिन फल देत नहिं का भावार्थ समझाते हुए कहा कि बिना श्रद्धा के कोई भी धार्मिक कार्य पूर्ण फल नहीं देता।

संत लोकेश ने आगे कहा कि सत्संग मनुष्य के तन और मन को शीतलता प्रदान करता है तथा पाप और अज्ञानता को दूर करता है। श्रद्धा और समर्पण भाव से किया गया सत्संग जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाता है और आत्मिक शांति प्रदान करता है। सत्संग केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आत्मज्ञान और मानव कल्याण का माध्यम है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सत्संग का लाभ लिया।


## जिला कार्यकारिणी की बैठक में बनी रणनीति

# आज कलेक्ट्रेट कार्यालय घेरेगी जिला कांग्रेस कमेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला कांग्रेस कमेटी कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक जिला मुख्यालय राजीव भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने की। बैठक का मुख्य एजेंडा वर्तमान प्रदेश सरकार की विफलताओं को उजागर करना और आगामी दिनों में सड़क से सदन तक आंदोलन की रूपरेखा तैयार करना था।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। चुनाव के समय किए गए वादे खोखले साबित हो रहे हैं और जनता खुद को ठगा सा महसूस कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जनता के बीच जाएं और सरकार की नाकामियों को उजागर करें। बैठक में साय सरकार को घेरने का प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी, कानून व्यवस्था में गिरावट, किसानों की समस्याओं, खाद-बीज की उपलब्धता और पिछली सरकार की जनहितैषी योजनाओं को बंद या धीमा किए जाने का विरोध, धमतरी जिले की स्थानीय समस्याओं, बुनियादी सुविधाओं की कमी और विकास कार्यों में आ रही रुकावटों को लेकर प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलना रहा।



इस दौरान विधायक ओंकार साहू, विधायक अंबिका मरकाम, पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहाना, मोहन लालवानी, पूर्व दुग्ध महासंघ अध्यक्ष विपिन साहू, पूर्व महापौर विजय देवांगन, संगठन महामंत्री अरविंद दोशी, जिला पंचायत सदस्य कविता बाबर, पूर्व पीसीसी सचिव आनंद पवार, ब्लॉक अध्यक्ष योगेश शर्मा, खिलेन्द्र ध्रुव, गौतम वाधवानी, होमन्द्र साहू, जिला उपाध्यक्ष सूर्याराव पवार , सलीम रोकड़िया, वसीम कुरैशी, नरेश जसूजा, मनीषा साहू, जानसिंग यादव, राजेन्द्र साहू, जिला महामंत्री आलोक जाधव, योगेश लाल, आकाश गोलछा, विक्रांत शर्मा, डीहूराम साहू, कृष्णा मरकाम, हेमन्त नवरंगे, बिसौहा राम साहू, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरेंद्र सोनवानी, एनएसयूआई अध्यक्ष राजा देवांगन, उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष हितेश गंगवीर, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष शास्त्री सोनवानी, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस अध्यक्ष लकेश्वर साहू, प्रमोद सिन्हा, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष हरनारायण साहू, अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला अध्यक्ष शरीफ रोकड़यिा, मजदूर कांग्रेस जिला अध्यक्ष अविनाश मारोठे, मजदूर कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष कन्हैया सोनी, कार्यकारी सदस्य मंजीत छाबड़ा, वसीम कुरैशी, सत्यवान ध्रुव, मोहित देवांगन, रेखा साहू, गुरुगोपाल गोस्वामी, उदित नारायण साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### संगठन की मजबूती और बूथ स्तर पर सक्रियता

बैठक में केवल आंदोलन ही नहीं, बल्कि कांग्रेस संगठन को और अधिक धारदार बनाने पर भी जोर दिया गया। साथ ही 17 जून को कलेक्ट्रेट घेराव कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई एवं संगठन सृजन अभियान के तहत बूथ कांग्रेस कमेटी गठन की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और कार्यकारी सदस्यों ने भी अपने बहुमूल्य सुझाव साझा किए।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020